POLITICAL SCIENCE

राजनीति विज्ञान

(317)

Time : 3 Hours] [Maximum Marks : 100

समय : 3 घण्टे] [पूर्णांक : 100

Note : (i) This Question Paper consists of *two* Sections, viz., 'A' and 'B'.

(ii) *All* questions from Section 'A' are to be attempted.

(iii) Section 'B' has got more than one option. Candidates are required to attempt questions from *one option* only.

निर्देश : (i) इस प्रश्न-पत्र के **दो** भाग हैं—खण्ड 'अ' एवं खण्ड 'ब'।

(ii) खण्ड 'अ' के **सभी** प्रश्नों को हल करना है।

(iii) खण्ड—ब' में एक से अधिक विकल्प हैं। परीक्षार्थियों को केवल **एक विकल्प** के ही प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

SECTION–A

खण्ड–अ

1. According to the liberals, what is meant by the term 'politics'? 2

उदारवादियों के अनुसार, 'राजनीति' शब्द से क्या अभिप्राय है?

2. What is meant by the concept 'Nation'? 2

'राष्ट्र' की अवधारणा का क्या अर्थ है?

3. What was the main task of the Constituent Assembly of India? Name the person who presided over its meetings? 1+1=2

भारत की संविधान-सभा का मुख्य कार्य क्या था? इसकी बैठकों की अध्यक्षता किस व्यक्ति द्वारा की जाती थी?

4. Which type of cases can be transferred from a Subordinate Court to the High Court? 2

किस प्रकार के मुकद्दमे किसी अधीनस्थ न्यायालय से उच्च न्यायालय में स्थानांतरित किये जा सकते हैं?

5. The people of Rampur want the primary school building of their village to be repaired. But they don't have adequate funds. Suggest any *four* ways in order to collect money for the said purpose. 2

रामपुर के निवासी अपने गाँव के प्राथमिक विद्यालय के भवन की मरम्मत करवाना चाहते हैं। परन्तु उनके पास पर्याप्त धनराशि नहीं है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए धन जुटाने की कोई **चार** विधियाँ सुझाइए।

6. "The minimum age for the Right to Vote varies from country to country." Give any *two* examples from outside India to prove that the above statement is correct. 1+1=2

''मतदान के अधिकार के लिए न्यूनतम आयु विभिन्न देशों में अलग-अलग है।'' इस कथन को सही सिद्ध करने के लिए, भारत के अतिरिक्त, किन्हीं **दो** अन्य देशों के उदाहरण दीजिए।

7. What is meant by 'countermanding the elections'? 2

'चुनाव रद्द करना' से क्या अभिप्राय है?

8. Mention any *two* ill effects of population growth on good governance. 2

सुशासन पर जनसंख्या वृद्धि के किन्हीं **दो** कुप्रभावों का उल्लेख कीजिए।

9. Highlight the nature of help India got from USA under PL-480. 2

PL-480 के अन्तर्गत, संयुक्त राज्य अमरीका द्वारा भारत को जिस प्रकार की सहायता प्रदान की गई, उसे उजागर कीजिए।

10. What is meant by 'State'? Explain any *three* points of distinction between the State and the Government. 2+3=5

'राज्य' का क्या अर्थ है? राज्य तथा सरकार में अंतर स्पष्ट करने वाले किन्हीं **तीन** बिंदुओं की व्याख्या कीजिए।

11. What is Marxism? Mention any *three* basic postulates on which Marxism is based. 2+3=5

मार्क्सवाद क्या है? ऐसे किन्हीं **तीन** मूल सिद्धांतों का उल्लेख कीजिए जिन पर मार्क्सवाद आधारित है।

12. Identify and describe any *five* Directive Principles of State Policy which promote social welfare of the people. 5

राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों में से, समाज कल्याण को बढ़ावा देने वाले किन्हीं **पाँच** सिद्धांतों की पहचान करते हुए उनका वर्णन कीजिए।

13. List any *five* legislative powers of the Governor of a State. 5

राज्य के राज्यपाल की किन्हीं **पाँच** विधायी शक्तियों को सूचीबद्ध कीजिए।

14. Explain the factors responsible for communal violence in India. 5

भारत में साम्प्रदायिक हिंसा के लिए उत्तरदायी कारकों की व्याख्या कीजिए।

15. What is the relevance of the policy of nonalignment in the present-day unipolar world? 5

वर्तमान एक-ध्रुवीय विश्व में गुट-निरपेक्षता की नीति की प्रासंगिकता को स्पष्ट कीजिए।

16. Describe the efforts made by India to resolve the separatist problem in Sri Lanka. 5

श्रीलंका में पृथक्करण की समस्या का समाधान निकालने के लिए भारत द्वारा किए गए प्रयासों का वर्णन कीजिए।

17. Highlight the nature of Indian Federation. 8

OR

Explain the situations in which President's rule can be imposed in a State. What are the aftereffects of such an imposition of emergency? 4+4=8

भारतीय संघ के स्वरूप पर प्रकाश डालिए।

अथवा

राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू करने के लिए आवश्यक परिस्थितियों की व्याख्या कीजिए। इस प्रकार के आपातकाल के लागू होने के पश्चात् पड़ने वाले प्रभावों को स्पष्ट कीजिए।

18. Explain the Original and the Appellate jurisdication of the Supreme Court of India. 4+4=8

OR

What is ordinary bill? How does an ordinary bill become a law in the Indian Parliament? 2+6=8

भारत के सर्वोच्च न्यायालय के प्रारम्भिक तथा अपील सम्बन्धी क्षेत्राधिकार की व्याख्या कीजिए।

अथवा

साधारण विधेयक किसे कहते हैं? साधारण विधेयक भारतीय संसद में किस प्रकार कानून बनता है?

19. Analyze any *four* causes for the development of regionalism in India. 2×4=8

OR

Evaluate the methods which the pressure groups use to influence the process of the government. 8

भारत में क्षेत्रवाद के विकास के किन्हीं **चार** कारणों का विश्लेषण कीजिए।

अथवा

सरकार की प्रक्रिया को प्रभावित करने के लिए दबाव समूहों द्वारा प्रयोग की जाने वाली विधियों का मूल्यांकन कीजिए।

20. Which significant measures have been taken at the international level to protect the environment? Explain any *four* of them. 2×4=8

OR

What are Human Rights? Highlight the significance of Human Rights in the Constitution of India. 2+6=8

पर्यावरण की सुरक्षा के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कौन-से महत्त्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं? उनमें से किन्हीं **चार** की व्याख्या कीजिए।

अथवा

मानवाधिकारों से क्या अभिप्राय है? भारत के संविधान में मानवाधिकारों के महत्त्व को उजागर कीजिए।

SECTION–B

खण्ड–ब

OPTION–I

विकल्प–I

(World Order and the United Nations)

(विश्व व्यवस्था और संयुक्त राष्ट्र)

21. "India, during globalisation, has emerged as one of the fastest growing economies in the world." Mention any *two* major economic changes to support the statement. 2

''वैश्वीकरण के दौरान, भारत एक सबसे तीव्र वृद्धि करने वाली अर्थव्यवस्था बनकर उभरा है।'' इस कथन के पक्ष में किन्हीं **दो** प्रमुख आर्थिक परिवर्तनों का उल्लेख कीजिए।

22. Explain the composition and functions of the Economic and Social Council of the UN. 2+3=5

संयुक्त राष्ट्र की आर्थिक तथा सामाजिक परिषद् की रचना तथा कार्यों की व्याख्या कीजिए।

23. Describe the peacekeeping activities of the UN towards maintaining the world peace. 8

OR

When and how did the establishment of New International Economic Order (NIEO) take place? Explain the principles on which it was founded. 2+6=8

विश्व शांति की दिशा में संयुक्त राष्ट्र द्वारा शांति बनाए रखने वाली गतिविधियों का वर्णन कीजिए।

अथवा

नई अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक व्यवस्था (NIEO) की स्थापना कब तथा कैसे हुई? उन सिद्धांतों की व्याख्या कीजिए जिनके आधार पर इसका गठन हुआ।

OPTION–II

विकल्प–II

(Administrative System in India)

(भारत की प्रशासनिक व्यवस्था)

21. Suggest any *two* most effective measures to ensure objectivity and impartiality in the method of recruitment by the Public Service Commissions. 2

लोक सेवा आयोगों द्वारा की जाने वाली भर्ती में वस्तुनिष्ठता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए कोई **दो** अत्यधिक प्रभावी उपाय सुझाइए।

22. What is Central Secretariat? Highlight any *three* areas in which the secretariat assists and advises the ministers. 2+3=5

केन्द्रीय सचिवालय क्या है? किन्हीं ऐसे **तीन** क्षेत्रों को उजागर कीजिए जिनमें केन्द्रीय सचिवालय मंत्रियों की सहायता करता है तथा उन्हें परामर्श देता है।

23. What is meant by committed bureaucracy? Describe its role in a developing nation like India. 2+6=8

OR

Why and when was the Administrative Reforms Commission (ARC) appointed? Explain any *two* most important areas touched upon by the ARC. Highlight the main recommendations of the ARC. 2+2+4=8

प्रतिबद्ध नौकरशाही से क्या अभिप्राय है? भारत जैसे विकासशील देश में ऐसी नौकरशाही की भूमिका की व्याख्या कीजिए।

अथवा

प्रशासनिक सुधार आयोग (ARC) की स्थापना कब और क्यों की गई? किन्हीं **दो** सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों की व्याख्या कीजिए जिन पर ARC ने विशेष ध्यान केंद्रित किया। ARC की मुख्य सिफारिशों को उजागर कीजिए।

★ ★ ★